हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 1 मई 2026

06 पुलिस अधीक्षक ने हेलमेट धारक बाइक...

09 शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को मिलेगा ...

## खबर संक्षेप

### आईटीआई में आपदा प्रबंधन पर कार्यशाला

**विदिशा।** शासकीय आईटीआई विदिशा में जिला होमगार्ड विभाग द्वारा आपदा प्रबंधन विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। प्राचार्य कविता रघुवंशी ने बताया कि विशेषज्ञ टीम ने प्राकृतिक व अन्य आपदाओं से बचाव के उपाय बताए। प्रशिक्षणार्थियों और स्टाफ ने सक्रिय सहभागिता की। टीम ने प्रश्नों के उत्तर देकर विपरीत परिस्थितियों में सावधानियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

### कार्यकर्ताओं को जल परीक्षण प्रशिक्षण दिया

**विदिशा।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में पेयजल स्त्रोतों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने प्रशिक्षण आयोजित किया गया। विदिशा विकासखंड के आंगनबाड़ी सेक्टर केंद्र खामखेड़ा में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री अनुपम गहोई एवं सहायक यंत्री प्रताप सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में 31 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और सुपरवाइजरों को फील्ड टेस्ट किट से जल परीक्षण का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने स्वयं पेयजल परीक्षण की प्रक्रिया का व्यावहारिक अभ्यास भी किया।

### लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन कल होगा

**विदिशा।** मध्यप्रदेश शासन की लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत 2 मई को जिलेभर में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव मनाया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा ने बताया कि जिला मुख्यालय पर कार्यक्रम शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित होगा। योजना की शुरुआत 1 अप्रैल 2007 से बालिका शिक्षा, लिंगानुपात सुधार और सशक्तिकरण हेतु की गई थी। जिले में अब तक 95 हजार से अधिक बालिकाएं पंजीकृत हैं।

### सिरोंज अस्पताल में शुरू हुई सोनोग्राफी सेवा

**विदिशा।** सिरोंज स्थित शासकीय राजीव गांधी स्मृति चिकित्सालय में 30 अप्रैल से सोनोग्राफी सेवा प्रारंभ हो गई है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के प्रयासों से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामहित कुमार और बीएमओ डॉ. नीरज पंथी के समन्वय से यह सुविधा शुरू हुई। विशेषज्ञ डॉ. नेहा जैन द्वारा जांच की जाएगी तथा सप्ताह में एक दिन निर्धारित रहेगा।

### डोर-टू-डोर सर्वे करने दिशा निर्देश जारी किए

**विदिशा।** जनगणना-2027 के सफल संचालन के लिए जनगणना निदेशालय द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई, जिसमें 1 मई से प्रारंभ होने वाली डोर-टू-डोर जनगणना के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रगणकों व पर्यवेक्षकों के कार्यों की रूपरेखा और समय-सीमा तय की गई। प्रारंभिक तीन दिनों में क्षेत्र भ्रमण कर रफ लेआउट तैयार करने तथा लेखन कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

# रंगई के पुराने स्टॉप डैम पर गर्मी से राहत के लिए युवा तैराक लगा रहे ठंडक की छलांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रंगई मंदिर के पास बेतवा नदी पर बना पुराना स्टाप डैम (बंदा) तैराकी सीखने के लिए सबसे उपयुक्त माना जाता था, लेकिन इसे तोड़ दिया गया है। गर्मियों में तैराकी सीखने और गर्मी से राहत के लिए अभी भी युवा तैराक यहां पहुंचते हैं।

पूर्व वित्तमंत्री राघवजी भाई ने यहां हर वर्ष तैराकी प्रतियोगिता आयोजित करने की बात भी कही थी, लेकिन कुछ समय बाद इसे तोड़ दिया गया। शहर में ऐसे हजारों लोग होंगे जिन्होंने इसी स्थान से तैरना सीखा। गर्मियों में आज भी लोगों को यह स्टॉप डैम याद आता है।

गर्मी से राहत के लिए

**विदिशा।** गर्मियां आते ही बेतवा की धार टूट जाती है, लेकिन रंगई मंदिर के पीछे बने पुराने स्टॉप डैम में पानी लबालब रहता है। भीषण गर्मी से राहत और तैराकी सीखने के लिए बड़ी संख्या में लोग सुबह से ही यहां पहुंच जाते हैं।

## विगत दिनों हुई जिला स्वास्थ्य समिति बैठक में लापरवाही पर हुई कार्रवाई

# लापरवाही कलेक्टर को बर्दास्त नहीं: कई कर्मचारियों के वेतन काटने के आदेश जारी

***विगत दिनों हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर ने स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर बनाने के निर्देश के साथ कई लापरवाह कर्मचारियों का वेतन काटने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। यह ऐसे कर्मचारी थे जो काम में लापरवाही कर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए ड्यूटी कर रहे थे। कलेक्टर के इस सख्त रुख के बाद स्वास्थ्य मेहकम में हलचल हो गई है। बैठक में कलेक्टर ने कई निर्देश जारी किए हैं।***

**स्वास्थ्य महकमे में कलेक्टर की इस कार्रवाई से आएगी कसावट।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विगत दिनों आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा के दौरान गंभीर लापरवाही सामने आने पर कलेक्टर ने सख्त रुख अपनाया। हितग्राहियों के भौतिक सत्यापन संबंधी जानकारी प्रस्तुत नहीं करने पर जिला समन्वयक एवं एमएमयू प्रभारी भारत सिंह के विरुद्ध वरिष्ठ कार्यालय को पेनाल्टी प्रस्तावित करते हुए 5 दिवस के वेतन काटने हेतु पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में एएनसी पंजीयन शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देशों के बावजूद पीपलखेड़ा के बीएमओ डॉ. विकास सिंह बघेल एवं बीपीएम पंकज राजपूत द्वारा लक्ष्य पूर्ण नहीं किए जाने पर दोनों का 3 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। वर्थ वेटिंग रूम में हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को बेड उपलब्ध होने के बाद भी भर्ती नहीं किए जाने पर जिला कम्युनिटी मोबिलाइजर डॉ. राकेश पंथी के विरुद्ध वेतन कटौती के निर्देश दिए गए।

लटेरी में 6 में से केवल 2 बेड भरे होने की जानकारी पर बीसीएम राकेश सेन का 5 दिवस का वेतन काटने को कहा गया। कुरवाई में 26 अप्रैल को हुए एक्सीडेंट प्रकरण में लापरवाही पाए जाने पर 108 कॉल सेंटर कर्मचारियों का 1 दिवस का वेतन काटने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर द्वारा की गई इस कार्रवाई और सख्ती के बाद स्वास्थ्य मेहकमे में कसावट देखी जा रही है।

**विदिशा।** बैठक के दौरान कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कई कर्मचारियों का वेतन काटने के दिए हैं निर्देश।

### हादसे में घायल युवक की रास्ते में मौत, पत्नी बेटा अस्पताल में भर्ती

**विदिशा।** करारिया थाना क्षेत्र में गुरुवार को हुए एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस दुर्घटना में उसकी पत्नी और एक वर्षीय बेटा भी घायल हुए हैं, जिनका जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार 30 वर्षीय आकाश धाकड़ अपनी पत्नी आरती धाकड़ और एक वर्षीय बच्चे के साथ शमशाबाद के डंगरवाड़ा जा रहे थे। शमशाबाद रोड पर सुलतनिया मोड़ के पास उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद आकाश की गंभीर हालत को देखते हुए उसे भोपाल रेफर किया गया था। हालांकि, भोपाल ले जाते समय रास्ते में ही आकाश ने दम तोड़ दिया। इसके बाद शव को वापस जिला अस्पताल लाकर पोस्टमार्टम कराया गया। हादसे में घायल आरती धाकड़ और उनका एक वर्षीय बेटा जिला अस्पताल में भर्ती हैं और उनका उपचार जारी है। बताया गया है कि आरती धाकड़ इसी अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ के रूप में कार्यरत हैं। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# भीषण गर्मी: आंगनबाड़ी केंद्रों के समय में बदलाव, सुबह 8 से 11 बजे तक होंगी गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन समय में बदलाव किया गया है।

भीषण गर्मी के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव की आशंका को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। नए निर्देशों के अनुसार अब सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए गतिविधियां सुबह 8 बजे से 11 बजे तक संचालित की जाएंगी। इस दौरान पोषण आहार वितरण, प्री-स्कूल शिक्षा और अन्य आवश्यक सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

हालांकि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक शासकीय कार्यों में संलग्न रहेंगी। वे गृह भ्रमण, रजिस्टर संधारण, पोषण ट्रैकिंग एवं अन्य प्रशासनिक कार्य संपादित करेंगी। प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे निर्धारित समय पर बच्चों को केंद्र भेजें, जिससे वे सुरक्षित वातावरण में सेवाओं का लाभ उठा सकें।

## रतनशी शाह के 30वें पुण्य स्मरण में...

# मेधावी छात्र और प्राचार्य सम्मानित मेडिकल कॉलेज में वाटर कूलर दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सामाजिक सरोकारों के लिए वर्ष 1996 से सक्रिय रतनशी शाह स्मृति न्यास द्वारा स्वर्गीय रतनशी शाह का 30वां पुण्य स्मरण कच्छी भवन में मनाया गया। इस दौरान शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं सांदीपनी स्कूल के प्राचार्य खजान सिंह तथा प्रदेश प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले पांच मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया।

न्यास के अध्यक्ष संजय पांडे ने स्वागत उद्बोधन में संस्था की भूमिका पर प्रकाश डाला, जबकि सचिव बसंत माहेश्वरी ने न्यास की विभिन्न सामाजिक गतिविधियों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने कहा कि समाज में इस प्रकार के प्रोत्साहन कार्यक्रम निरंतर होते रहने चाहिए, जिससे नई पीढ़ी को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। जिला शिक्षा अधिकारी शिशुपाल सिंह जाटव ने कहा कि शासन शासकीय विद्यालयों की गुणवत्ता सुधारने के लिए प्रयासरत है और ऐसे आयोजन शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं। पूर्व मंत्री राघवजी भाई ने स्व. रतनशी शाह के जीवन एवं उनके सेवा कार्यों को याद किया।

रोनक जैन (कॉमर्स) ने 97.2% अंक प्राप्त कर प्रदेश में 5वां स्थान, कु. अनुजा यादव ने 97.2% के साथ 7वां, कु. रोनक यादव (जीवविज्ञान) ने 96.4% के साथ 10वां स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल परीक्षा में आदर्श राजपूत ने 98.6% अंक लेकर राज्य सूची में 7वां स्थान हासिल किया। सांदीपनि स्कूल की कु. स्पर्श गुप्ता (गणित) को विद्यालय में प्रथम आने पर मोबाइल भेंट किया गया। न्यास द्वारा मेडिकल कॉलेज के ओपीडी सेक्टर में विधायक मुकेश टंडन एवं डीन डॉ. मनीष निगम की उपस्थिति में वाटर कूलर भी प्रदान किया गया।

# विदिशा जिले के 488 श्रमिक परिवारों के खातों में पहुंचे 11.06 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

डॉ. मोहन यादव द्वारा भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में वीसी के माध्यम से 27 हजार 167 से अधिक श्रमिक परिवारों को 600 करोड़ की अनुग्रह सहायता राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की गई। विदिशा जिले के 488 श्रमिक परिवारों के बैंक खातों में 11 करोड़ 6 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि भेजी गई।

मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना के तहत सामान्य मृत्यु के 420 परिवारों को 8 करोड़ 40 लाख, दुर्घटना मृत्यु के 66 परिवारों को 2 करोड़ 64 लाख तथा आंशिक स्थायी अपंगता के 2 परिवारों को 2 लाख रुपये की सहायता प्रदान की गई। विदिशा एनआईसी कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, कलेक्टर अंशुल गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए। जनपद एवं नगरीय निकायवार बासौदा, कुरवाई, ग्यारसपुर, लटेरी, नटेरन, सिरोंज और विदिशा सहित विभिन्न क्षेत्रों के पात्र श्रमिक परिवारों को योजना का लाभ मिला, जिससे परिवारों को आर्थिक संबल प्राप्त हुआ।

# रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति की बैठक में यात्री सुविधाओं, नई ट्रेनों और स्टेशन विकास पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल में रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति की बैठक मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के नेतृत्व में आयोजित हुई। बैठक में यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा एवं सेवाओं के उन्नयन से जुड़े विषयों पर सकारात्मक चर्चा की गई।

रेलवे सलाहकार समिति सदस्य कमलेश सेन ने बताया कि बैठक में भोपाल–लखनऊ एक्सप्रेस को दैनिक करने, क्षिप्रा व भुज एक्सप्रेस के फेरे बढ़ाने, विदिशा में गोरखपुर एक्सप्रेस के ठहराव, ग्वालियर–भोपाल व कोटा–भोपाल के बीच नई जनशताब्दी ट्रेन चलाने तथा राज्यरानी एक्सप्रेस में कोच वृद्धि की मांग प्रमुख रही। स्टेशन सुविधाओं के अंतर्गत भोपाल स्टेशन पर प्लेटफॉर्म-1 की बैरिकेडिंग के स्थायी समाधान, निकास व्यवस्था सुदृढ़ करने, विदिशा स्टेशन पर प्लेटफॉर्म 2-3 पर शेड व शौचालय निर्माण, प्लेटफॉर्म-4 पर सुविधाओं के विस्तार तथा बंद बुकिंग विंडो पुनः प्रारंभ करने की मांग उठी। पेयजल, स्वच्छता और प्रतीक्षालय व्यवस्था सुधारने पर भी जोर दिया गया। एटीवीएम मशीनों की तकनीकी समस्याएं, टिकटिंग व्यवस्था, आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन, अवैध वेंडरों पर नियंत्रण एवं मंडी बामोरा सहित अन्य स्टेशनों के विकास पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने सुझावों को उच्च स्तर पर भेजने का आश्वासन दिया।

# मां के 79वें जन्मदिन पर अनोखी पहल: 79 पौधों का रोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

भीषण गर्मी के बीच एक प्रेरणादायक पहल सामने आई, जहां चलो आज कुछ अच्छा करते हैं ग्रुप के एक सदस्य दीपेश शाह ने अपनी मां के 79वें जन्मदिन को पारंपरिक तरीके से न मनाते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने का सराहनीय कार्य किया।

इस अवसर पर आम, आंवला, गुलाब, नीम सहित कुल 79 ऑक्सीजन प्रदान करने वाले पौधों का रोपण किया गया। यह पौधरोपण अभियान शहर के विभिन्न स्थानों जैसे माधव उद्यान, मालवीय उद्यान, पुरानी नगर पालिका क्षेत्र सहित अन्य स्थानों पर आयोजित किया गया, जहां फलदार और फूलदार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि इसे एक पौधा मां के नाम जैसे भावनात्मक संदेश के साथ जोड़ा गया, जिससे लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम के अंत में ग्रुप के सभी सदस्यों ने आगामी वर्षा ऋतु में और अधिक पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया, ताकि हरियाली बढ़ाई जा सके और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में योगदान दिया जा सके। इस अवसर पर मनमोहन बंसल, गोविंद देवलिया सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

**विदिशा।** शहर में विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया गया।

## विश्व टीकाकरण जागरूकता सप्ताह पर अस्पताल में हुआ कार्यक्रम

# टीके जानलेवा बीमारियों से सुरक्षा का मंत्र: डॉ एमके जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विश्व टीकाकरण जागरूकता सप्ताह के तहत जिला अस्पताल के एसएनसीयू में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

शिशु रोग विशेषज्ञ एवं आईएपी विदिशा के अध्यक्ष डॉ एम.के. जैन ने कहा कि टीके जीवन रक्षक होते हैं और खतरनाक बीमारियों से बचाव का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की थीम हर पीढ़ी के लिए, वैक्सीन काम करती है है, जो जन्म से बुढ़ापे तक सुरक्षा पर जोर देती है। पिछले 50 वर्षों में टीकाकरण प्रयासों से विश्वभर में 15 करोड़ से अधिक जानें बचाई गई हैं। प्रभारी सिविल सर्जन डॉ प्रमोद मिश्रा ने बताया कि जिला अस्पताल में टीबी, टेटनस, काली खांसी, गलघोटू, दस्त, हेपेटाइटिस, दिमागी बुखार, निमोनिया, खसरा व रूबेला के टीके प्रतिदिन निःशुल्क लगाए जा रहे हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों का नियमित टीकाकरण अवश्य कराएं। टीका लगने के बाद हल्का बुखार या सूजन सामान्य है और घबराने की आवश्यकता नहीं।

आईएपी सचिव डॉ सुरेंद्र सोनकर ने कहा कि एक सुई का छोटा सा दर्द, जिंदगी भर की सुरक्षा देता है। मिशन इंद्रधनुष और यू-विन पोर्टल के माध्यम से देशभर में करोड़ों बच्चों तक टीके पहुंचाए जा रहे हैं। उन्होंने संकल्प दिलाया कि क्षेत्र का कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। निजी तौर पर टाइफाइड, फ्लू, चिकनपॉक्स, मम्प्स और सर्वाइकल कैंसर जैसे टीके भी उपलब्ध हैं।

**विदिशा।** कार्यक्रम के दौरान मौजूद महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए चिकित्सक।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-6315
सरसों
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-7056
चना
न्यूनतम भाव-4410
उच्चतम भाव-5500
मसूर
न्यूनतम भाव-4260
उच्चतम भाव-9180
शरबती
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-4360
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-2850
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2206
उच्चतम भाव-2355
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-3080
बटरी
न्यूनतम भाव-3250
उच्चतम भाव-3900
धनिया
न्यूनतम भाव-10600
उच्चतम भाव-12010
अलसी
न्यूनतम भाव-7960
उच्चतम भाव-7960
मक्का
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-1600
इमली
न्यूनतम भाव-2350
उच्चतम भाव-2350

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 28892 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## तपती गर्मी में पक्षियों के लिए अमृत बने मिट्टी के सकोरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सूर्य के तीखे तेवर और भीषण गर्मी के बीच जहाँ इंसान बेहाल है, वहीं बेजुबान पक्षियों के लिए दाने-पानी का संकट खड़ा हो गया है। इस समस्या को देखते हुए रजौदा स्थित नवीन न्यायालय परिसर में मानवता की एक अनूठी मिशाल पेश की गई है। यहाँ न्यायाधीशों और प्रकृति प्रेमियों ने मिलकर पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए मिट्टी के जल-पात्र सकोरे लटकाए। न्यायालय परिसर में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम के दौरान न्यायाधीश हरप्रसाद वंशकार, राकेश कुमार ठाकुर एवं जफर इकबाल ने अपने हाथों से पेड़ों पर मिट्टी के सकोरे लटकाए। इस अवसर पर न्यायाधीशों ने कहा कि प्रकृति के संतुलन के लिए पक्षियों का संरक्षण बेहद जरूरी है और इस भीषण गर्मी में उन्हें पानी उपलब्ध कराना सबसे बड़ी सेवा है। ये जल-पात्र 'पंचतत्व संरक्षण समिति' द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं। समिति सचिव प्रमोद सिंह राजपूत ने बताया कि उनकी संस्था पूरी गर्मी भर प्यासे पशु-पक्षियों के लिए जल पात्र की व्यवस्था करने हेतु संकल्पित है। नगर में जहाँ भी पक्षियों के लिए पानी की आवश्यकता महसूस होती है, समिति वहां तत्काल सकोरे उपलब्ध करा रही है। अभिभाषक संघ अध्यक्ष अमान सिंह, एडवोकेट नरेश रघुवंशी, डीपी किरार, हर्ष कुशवाह ने संकल्प लिया है कि वे नियमित रूप से इन पात्रों में पानी भरेंगे ताकि कोई भी पक्षी प्यासा न रहे। इस भीषण गर्मी में जब जल स्रोत सूख रहे हैं, तब छोटे-छोटे प्रयासों से ही पक्षियों के प्राण बचाए जा सकते हैं। हम सभी को अपने घरों की छतों और आंगन में एक सकोरा पानी जरूर रखना चाहिए। इस सराहनीय कार्य की नगरवासियों द्वारा प्रशंसा की जा रही है। आयोजन के दौरान न्यायालय स्टाफ और कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर पालिका परिषद में गुरुवार को स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी रवि प्रकाश श्रीवास्तव के निर्देशन में संपन्न हुई। इस अवसर पर स्वच्छता अधिकारी धीरज मीना, अभिषेक श्रीवास्तव, इंजीनियर मोहिनी कोरी सहित सभी दरोगा एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण के प्रमुख बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए सभी को उनके कार्यों एवं जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान समिति अध्यक्ष शशि अनिल यादव द्वारा सभी की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया एवं संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण के कार्यों में लापरवाही या अनियमितता बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अध्यक्ष एवं नपा सीएमओ ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे पूर्ण जिम्मेदारी और समर्पण के साथ कार्य करते हुए शहर को स्वच्छता में नंबर वन बनाने हेतु अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। बैठक में यह भी तय किया गया कि सभी कार्य योजनाबद्ध तरीके से निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएंगे तथा जनसहभागिता को बढ़ावा देकर बेहतर परिणाम सुनिश्चित किए जाएंगे।

### छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों के प्रति किया जागरुक

# पुलिस अधीक्षक ने हेलमेट धारक बाइक चालकों को गुलाब भेंट किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रदेशभर में 26 अप्रैल से 10 मई तक विशेष हेलमेट चेकिंग एवं जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य केवल चालानी कार्रवाई तक सीमित न रहकर नागरिकों के व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाना एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी सुनिश्चित करना है। इसी क्रम में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा जयस्तंभ चौराहे पर ट्रैफिक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान दोपहिया चालकों को हेलमेट वितरित किए गए एवं हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वाले जागरूक नागरिकों को गुलाब का फूल देकर सम्मानित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया।

इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा डॉल्फिन स्कूल एवं अन्य स्कूलों में पहुंचे। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने डॉल्फिन स्कूल सहित अन्य स्कूलों में विद्यार्थियों और वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया और सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान नवांकुर स्कूल प्राचार्य शैलेंद्र दीक्षित सहित समस्त स्टॉफ एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान ट्रैफिक विषय पर भाषण देने वाले टॉप 10 छात्र-छात्राओं को पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा प्रमाण पत्र एवं पेन वितरित कर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर 150 से अधिक छात्र-छात्राएं एवं स्कूल स्टॉफ भी मौजूद रहा। कार्यक्रम के दौरान एसडीओपी शिखा भलावी, शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया, देहात थाना प्रभारी मनोज दुबे, यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि गई वे स्वयं की सुरक्षा हेतु दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट का उपयोग करें एवं यातायात नियमों का पालन करें।

गुरुवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह के समापन पर पुलिस अधीक्षक रोहित कासवानी ने बताया कि प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटनाओं में हजारों लोगों की जान जाती है जिनका मुख्य कारण यातायात नियमों की अनदेखी है। ऐसे हादसे कई बार हंसते खेलते परिवारों को भी उजाड़ देते हैं। इन्हीं घटनाओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा समय समय पर सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन में लोगों को जागरूक और नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया जा सके।

## पटवारियों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सीपीसीटी को लेकर पटवारी चिंतित न हों। उनके साथ अन्याय नहीं होगा। जल्द ही हम विभागीय मंत्री से मुलाकात कर समस्या का निदान कराएंगे। यह बात मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री जितेंद्र सिंह ने संभाग अध्यक्ष परसराम दुबे से कही। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के संभाग अध्यक्ष परसराम दुबे ने गुरुवार को अपने संगठन प्रदेश महामंत्री से भेंट कर 2017-2018 में नियुक्त प्रदेश के करीब 300 पटवारियों द्वारा परिवीक्षा अवधि के दौरान सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण नहीं करने पर सेवा से पृथक करने जैसी कार्रवाई प्रस्तावित होने के विषय में बताया था। जिस पर महामंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा है कि परिवीक्षा अवधि के बाद कोरोना आ जाने के कारण पटवारी सीपीसीटी परीक्षा नहीं दे पाए। मध्य प्रदेश शासन ने कोरोना को मात्र एक वर्ष मान कर परिवीक्षा अवधि में मात्र एक साल बढ़ाया, जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोविड 19 को तीन साल की त्रासदी माना है। उन्होंने कहा है कि अमरकंटक अभ्यास वर्ग के बाद मध्य प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा से मुलाकात कर नियम एवं आदेश में संशोधन कराने के लिए प्रस्ताव केबिनेट में रखवाने के प्रयास करेंगे। इस मौके पर संभाग सचिव विजय रैकवार, रज्जू रैकवार, भोपाल जिलाध्यक्ष जितेंद्र शाक्य, विदिशा जिला सचिव जगदीश श्रीवास्तव, सुग्रीव गौतम उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### आसमान पर गहराए बादल, सुबह हुई बूंदाबांदी

**गंजबासौदा।** गुरुवार को अल सुबह आसमान में गहराए बादलों से इलाके में हल्की बूंदाबांदी हो गई। इसके बाद मौसम पूरी तरह साफ हो गया और तेज धूप निकलती रही। हांलाकि दिन भर आसमान पर बादल छाते रहे और फिर तेज धूप निकलती रही। दोपहर बाद एक बार फिर आसमान पूरी तरह बादलों से ढंक गया और तेज गरज चमक शुरू हो गई। जिससे बारिश की संभावना बढ गई। उधर बादलों के कारण लोगों को तेज धूप और गर्मी से आंशिक राहत मिली और शाम को मौसम भी सुहावना हो गया। उधर बादल छाने और बूंदाबांदी होने से उपार्जन केन्द्रों के बाहर खडे किसान चिंतित हो उठे हैं और अपनी उपज को बचाने के लिए तिरपालों की व्यवस्था में जुट गए हैं। वहीं इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने आगामी 6 मई तक आसमान पर बादल छाने और कभी कभार हल्की बारिश होने की भी संभावना व्यक्त की है।

## स्कूल के कैंपस में लगे वृक्षों पर पक्षियों के लिए टांगे जलपात्र

**गंजबासौदा।** सैण्ट एसआरएस हायर सैकण्डरी स्कूल के कैंपस में लगे पेड़ों पर पक्षियों के पीने के लिए जल पात्र टांगे गए। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में पिछले कई दिनों से लगातार भीषण गर्मी पड़ रही है। तापमान आसमान छू रहा है, ऐसे में बेजुबान पक्षियों के लिए कहीं भी पीने के लिए जल नहीं मिल पा रहा है। सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छात्र-छात्राओं सहित विद्यालय परिवार द्वारा नगर पालिका पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी आरके नेमा की उपस्थिति में पेड़ों पर जल पात्र टांगे गए, ताकि उन्हें पीने के लिए भरपूर पानी मिल सके। इस अवसर पर डायरेक्टर केएस यादव, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव, कार्यक्रम अधिकारी कृष्णपाल सिंह चौहान, रजनी गुप्ता, प्रियंका अग्रवाल, सुपार्स जैन, सोनू राय, दीपेश मीणा, सत्यम बवेले, शिखा दांगी, कुलदीप रघुवंशी, सुमन श्रीवास्तव, शुभांक शर्मा, शीतल तिवारी, दीक्षा जैन, विक्रांत सोनी, आकाश साहू सहित विद्यालय के छात्र, छात्राएं उपस्थित रहे। प्रबंधन द्वारा छात्रों, स्टॉफ एवं नपा से आए आरके नेमा, अभिषेक श्रीवास्तव, दीपक प्रसाद एवं स्टॉफ को शुभकामनाएं दीं गईं।

## रोमांचक मैच में सुपर किंग्स 27 बिछिया ने आफ्को को हराया

**गंजबासौदा।** तारण तरण जैन पाठशाला खेल मैदान में स्वर्गीय कपिल तिवारी की स्मृति में आयोजित सुपर चैंपियंस नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में बीती रात पांच मुकाबले खेले गए जिसमें मैदान पर मौजूद खिलाड़ियों द्वारा अपना शानदार खेल प्रदर्शन दिखाते हुए दर्शकों को रोमांचित किया गया। क्रिकेट मैच को देखने के लिए बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी भी पहुंचे, बुधवार की देर रात खेले गए पांच मुकाबले में से दो टीम सुपर किंग्स 27 बिछिया और अनंताय 108 ने अपने मैच जीत कर टूर्नामेंट के अगले चरण में प्रवेश किया। पहला मैच सुपर किंग्स 27 बिछिया ने 5 रनों से जीत लिया। दूसरा मैच अनंताए टीम ने जीता। तीसरा मैच अनंताय टीम ने जीता। चौथा मैच टीम आफ्को ने जीता। पांचवा मैच टीम बिछिया ने जीता। इस मैच का रोमांच मैच की अंतिम बॉल तक गया और जिसमें सुपर किंग्स 27 बिछिया ने दो रनों से यह मैच जीत लिया। इस तरह टूर्नामेंट में खिताबी दौड़ से आफ्को 11 और देवांश विकास सुपर किंग्स विदिशा की टीम बाहर हो गई है।

## वरिष्ठ पत्रकार ऋषभ जैन का निधन

**गंजबासौदा।** क्षेत्र के जाने माने वरिष्ठ पत्रकार ऋषभ जैन का गुरूवार की शाम आकस्मिक निधन हो गया। करीब 63 वर्षीय ऋषभ जैन अपने पीछे पुत्र विकास जैन एवं पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड गए हैं। डॉ एके जैन, निर्मल कुमार जैन, मुकेश जैन और वीरेन्द्र जैन रूचिला के बडे भाई ऋषभ जैन कई समाचार पत्रों से संबंधित एवं कई पत्रकार संगठनों के पदाधिकारी और नगर के पत्रकार संघों के संरक्षक रहे हैं। पिछले कुछ समय से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के चलते उनकी सक्रियता कम हो गई थी। गुरूवार की शाम को वे अपने घर पर थे, तभी उनकी अचानक तबीयत बिगडी और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी अंतिम यात्रा शुक्रवार की सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान वार्ड क्रमांक 3 नई बस्ती से पारासरी विश्राम घाट के लिए निकाली जाएगी। श्री जैन के निधन पर पत्रकारों, नागरिकों एवं क्षेत्रवासियों ने शोक व्यक्त करते हुए दुःखी परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

### डॉ. विजय शिरढोणकर की पुण्य स्मृति में हुआ कार्यक्रम संपन्न

# संगीत विद्यालय में सुरताल संध्या आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नवांकुर विद्यापीठ के प्रेरणा स्त्रोत डा विजय शिरढोणकर की पुण्य स्मृति में नवांकुर संगीत विद्यालय में गुरुवार को सुरताल संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें देर रात तक सुर और ताल का संगम होता रहा। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों में लगभग 150 फिल्मों में महान संगीतकारों लक्ष्मीकांत प्यारेलाल, रविंद्र जैन, उषा खन्ना, कल्याण आनंद, आर डी बर्मन, अनु मलिक आदि के साथ तथा महाभारत और कृष्णा जैसे धारावाहिक में संगीत की संगत करने वाले उज्जैन से पधारे प्रसिद्ध संगीतकार अनूप सिंह बोरलिया, समाज सेवी कांति भाई शाह, रक्त सेवा समिति के संरक्षक राजेश तिवारी, संगीत विशेषज्ञ संत मल्लिकार्जुन, राधेश्याम साहू, राजेंद्र मरखेड़कर, डॉक्टर अशोक रोहेले, पंचतत्व समिति से सुरेंद्र दांगी, प्रमोद राजपूत, सत्यनारायण गौर, नपा से अमित शर्मा, धर्मेंद्र जैन, राजेश नेमा, सुनील पिंगले, शैलेंद्र पिंगले उपस्थित थे। विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र दीक्षित सहित स्टॉफ ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में विकासखंड स्तर पर आयोजित वंदे मातरम गायन प्रतियोगिता के पांच विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के मधुर और लोकप्रिय राग राग-विहाग की मनमोहक प्रस्तुति दी गई, जिसमें 22 विद्यार्थियों ने भाग लिया। राग बागेश्री की प्रस्तुति में 16 विद्यार्थियों ने भाग लिया। 19 विद्यार्थियों द्वारा राग पटदीप की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। चतुर्थ वर्ष के 21 विद्यार्थियों द्वारा राग जय-जयवंती का प्रस्तुतीकरण किया गया। प्रभाकर के 11 विद्यार्थियों द्वारा राग रागेश्वरी की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चाप 20 विद्यार्थियों द्वारा तीन ताल और शिव तांडव स्त्रोत पर तबला वादन का प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन संदीप रावत ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्र कनिष्क शर्मा द्वारा राग मुल्तानी तथा एकलव्य विद्यालय मनावर में संगीत शिक्षक रजत जैन द्वारा राग दुर्गा पर आधारित प्रस्तुतियां दी गई, जिसमें पीएमश्री विद्यालय के संगीत शिक्षक जितेश शर्मा द्वारा तबले पर संगत की गई। विद्यालय के पूर्व छात्र मयंक भार्गव द्वारा गजल प्रस्तुत की गई। सीएम राइज के संगीत शिक्षक लीलाधर शर्मा द्वारा राग दरबारी की प्रस्तुति दी गई तथा मुख्य अतिथि अनूप सिंह बोरलिया द्वारा उन्होंने जिन संगीतकारों के साथ संगत की, उनमें से चुनिंदा फिल्मी गीतों पर वाद्य यंत्रों मटका, ढोलक, बगल बच्चा पर धुनों का प्रदर्शन किया। जिसकी श्रोताओं द्वारा प्रशंसा की गई। इस दौरान पालकगण, गणमान्य नागरिक, विद्यार्थीगण और नवांकुर परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

## ब्लॉक स्तरीय कॅरियर गाइडेंस कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को ब्लॉक स्तरीय कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर द्वारा किया गया। इस आयोजन में नगर के कक्षा 10वीं में 94% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले टॉप 100 मेधावी विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सही दिशा में कैरियर चयन हेतु मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के एनएसएस अधिकारी दिनेश ओझा ने किया। मेडिकल क्षेत्र में कैरियर के लिए प्रतीक रघुवंशी अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज ने विद्यार्थियों को डॉक्टर बनने की तैयारी, प्रतियोगी परीक्षाओं और सेवा भाव के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। भारतीय फोर्स विशेषकर वायु सेना में कैरियर के विषय में अरुण सिंह जाट भारतीय वायु सेवा, बेंगलुरु में पदस्थ ने अनुशासन, समर्पण और देश सेवा की भावना को सर्वोपरि बताते हुए युवाओं को प्रेरित किया। कॉमर्स में कैरियर हेतु सीए डॉ. शुभम जैन ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी, फाइनेंस और कॉर्पोरेट सेक्टर की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। आट्र्स क्षेत्र में कैरियर के लिए देवांश सोनी ने UPSC सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के टिप्स साझा किए। कृषि के क्षेत्र में कैरियर के लिए घनश्याम जामलिया प्रोफेसर एग्रीकल्चर कॉलेज ने आधुनिक कृषि, रिसर्च और एग्री-उद्यमिता की संभावनाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर चंद्रकांत त्यागी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें भयमुक्त होकर अपनी रुचि के अनुसार कैरियर का चयन करना चाहिए। उन्होंने अपने अध्ययन अनुभव साझा करते हुए निरंतर परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण को सफलता की कुंजी बताया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह और जिज्ञासा स्पष्ट दिखाई दी। विशेषज्ञों से सीधे संवाद का अवसर पाकर छात्र-छात्राएं बेहद प्रेरित नजर आए।

**न्यायालय - जफर इकबाल, तृतीय जिला न्यायाधीश गंजबासौदा तहसील, गंजबासौदा, जिला विदिशा म.प्र.**

प्रो. क्रमांक 1620/2026
गंजबासौदा दिनांक 28/04/26
प्र.क्र. 1/2026/MJC-GW

उपस्थित होने वास्ते नोटिसः
1 शिशांत मालवीय आदि ............ आवेदकगण
बनाम
1 सर्वसाधारण .................... अनावेदक

बनाम :- सर्वसाधारण
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक क्रमांक 1 शिशांत मालवीय नाबालिग होकर अपने पिता आवेदक क्रमांक 2 ओमप्रकाश की सरपरस्ती में रहता है तथा ओमप्रकाश ही शिशात की देखरेख करता है तथा शिक्षण कार्य पालन पोषण करा रहा है। ओमप्रकाश आवेदक ने अपनी भूमि में से विभाजन कर अपने पुत्र के नाम भूमि स्थित ग्राम बीलाढाना तहसील बासौदा जिला विदिशा म.प्र. के खसरा नंबर 286/2 रकबा 0.219 हैक्टेयर लगानी 0.98 हैक्टेयर करबाई जो अब नाबालिग पुत्र शिशांत के नाम है। आवेदक क्रमांक 3 जावेद पिता तुराव की भूमि खसरा नंबर 285/1/1/5 रकबा 0.418 हैक्टेयर आवेदक क्रमांक 1 की भूमि के पास है जिसका भूमि स्वामी जाविद पुत्र तुराव खा है। आवेदकगण तथा जाविद के बीच भूमि कृषि की सुबिधा के लिए आपस में विनिमय करने का तय हुआ है। विनिमय अनुसार आवेदक क्रमांक 3 जाविद खां अपनी ग्राम बीलाढाना की भूमि खसरा नंबर 285/1/1/5 रकबा 0.418 हैक्टेयर में से रकवा 0.219 हैक्टेयर आवेदक क्रमांक 1 शिशांत को दे रहे है और उसके बदले में शिशांत के नाम की भूमि खसरा नंबर 286/2 रकबा 0.219 हैक्टेयर को आवेदक क्रमांक 3 जाविद को दे रहे है। दोनो पक्ष मौखिक विनिमय अनुसार आपसी सहमति से काबिज है और खेती कर रहे है। यह है कि शिशांत नाबालिग होने से भूमि का विनिमय लिखित पंजीवद्ध नहीं हो पाया है। आवेदक शिशात मालवीय ने उक्त भूमि लिखित विनिमय पंजीबद्ध कराने हेतु अतर्गत धारा 8 (1) हिन्दु मायनोरिटि एण्ड गार्जियनशिप एक्ट अधिनियम के तहत इस न्यायालय में आवेदन पत्र को प्रस्तुत किया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत दिनांक 09.07 2026 को अपना पक्ष का समर्थन करने हेतु उपस्थित रहे। नियत दिनांक 09.07.2026 को आपके उपस्थित न होने की दशा में प्र-करण में एक पक्षीय सुनवाई कर निर्णय लिया जावेगा। यदि उक्त दिनांक को न्यायालय में किसी कारणवश अवकाश घोषित हो जाता है प्रकरण आगामी दिनांक को सुनवाई में लिया जावेगा। आज दिनाक 28/04/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया है।

**जफर इकबाल, तृतीय जिला न्यायाधीश गंजबासौदा जिला विदिशा म.प्र.**

## खबर संक्षेप

### सांदीपनि विद्यालय में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**सिरोंज।** शासकीय संदीपानी विद्यालय में आयोजित विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस जनहितकारी शिविर में लगभग 300 से अधिक मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच और विशेषज्ञ परामर्श का लाभ लिया। शिविर का आयोजन भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी विदिशा के सहयोग से किया गया। जिसमें भोपाल से आए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की जांच की। शिविर में शुगर, ईसीजी सहित विभिन्न आवश्यक जांचें की गईं तथा मरीजों को उचित उपचार व सलाह प्रदान की गई। इस दौरान लगभग 50 गंभीर मरीजों को बेहतर इलाज हेतु भोपाल रेफर किया गया। जिनके लिए विशेष व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण एवं अंचल के लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होते हैं और समय-समय पर इस तरह के आयोजन होते रहना चाहिए। शिविर में हृदय रोग, नेत्र रोग, हड्डी रोग, शिशु रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, त्वचा रोग तथा नाक-कान-गला रोग सहित विभिन्न बीमारियों के विशेषज्ञों द्वारा सेवाएं दी गईं। जिससे यह स्वास्थ्य शिविर पूरी तरह सफल रहा और क्षेत्र के सैकड़ों लोगों को इसका सीधा लाभ मिला। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे जनसेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करने का आश्वासन दिया।

### विधायक के प्रयास से राजीव गांधी स्मृति चिकित्सालय में सोनोग्राफी शुरू

# शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को मिलेगा स्थानीय स्तर पर लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सिरोंज

क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा के प्रयासो से शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय में महिलाओं के लिए गुरूवार को सोनोग्राफी सेवा का शुभारंभ किया गया।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के विशेष प्रयासों से यह महत्वपूर्ण पहल में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रामहित कुमार, बीएमओ डॉ नीरज पंथी के द्वारा पूरी कराई गई है। इस सेवा की शुरुआत विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ नेहा जैन द्वारा की गई। अस्पताल प्रशासन द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि डॉ नेहा जैन के साथ समन्वय स्थापित कर सप्ताह में एक निश्चित दिवस सोनोग्राफी जांच हेतु निर्धारित किया

जाएगा। ताकि मरीजों को व्यवस्थित रूप से सुविधा उपलब्ध हो सके।

इसके साथ ही, इस नई सुविधा के व्यापक प्रचार-प्रसार की भी योजना बनाई गई है। जिससे क्षेत्र के अधिक से अधिक हितग्राही समय पूर्व जानकारी प्राप्त कर इस सेवा का लाभ उठा सकें। स्थानीय स्तर पर सोनोग्राफी सुविधा शुरू होने से मरीजों को अब समय और खर्च दोनों की बचत होगी। स्वास्थ्य विभाग के इस प्रयास को क्षेत्रीय नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

### प्रत्येक गुरुवार गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी की जाएगी

इस अवसर पर विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि में काफी समय से प्रयास कर रहा था कि शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय में सोनोग्राफी सेवा का लाभ क्षेत्रवासियो को मिलें। अभी सिर्फ गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी प्रारंभ की गई। में शीघ्र ही अस्पताल में स्थाई रूप से सोनोग्राफी डॉक्टरो की पदस्थापना कराने के प्रयास में लगा हो। वही बीएमओ डॉ नीरज पंथी ने बताया कि प्रत्येक गुरूवार को प्रातः 9 बजे से 2 बजें तक अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ नेहा जैन द्वारा गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी की जाएगी।

### संस्कार ग्रीन वैली स्कूल का आयोजन

## भीषण गर्मी में पक्षियों और मूक प्राणियों के लिए जल के पात्र रखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सिरोंज

भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच संस्कार ग्रीन वैली स्कूल के विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण एवं जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए पक्षियों तथा मूक प्राणियों के लिए जलपात्र रखने का विशेष अभियान प्रारंभ किया है।

इस सराहनीय पहल के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, पार्कों, छतों, पेड़ों के नीचे, बाजार क्षेत्रों तथा अपने-अपने घरों के बाहर जलपात्र एवं पानी के कंटेनर रखे जा रहे हैं, ताकि भीषण गर्मी में प्यास से व्याकुल पक्षियों और पशुओं को राहत मिल सके। विद्यालय के विद्यार्थियों ने इस अभियान के माध्यम से नागरिकों को जागरूक करते हुए बताया कि गर्मी के मौसम में प्राकृतिक जलस्त्रोत सूखने लगते हैं, जिसके कारण पक्षियों और मूक प्राणियों के सामने जल संकट उत्पन्न हो जाता है। ऐसे समय में यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने घर, दुकान, कार्यालय या मोहल्ले में एक छोटा-सा जलपात्र रखे और उसमें नियमित रूप से स्वच्छ पानी भरे, तो यह अनगिनत जीवों के लिए जीवनदायिनी पहल सिद्ध हो सकती है। अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने शहरवासियों से अपील की कि वे केवल जलपात्र रखने तक सीमित न रहें, बल्कि उनकी नियमित सफाई और जल परिवर्तन की जिम्मेदारी भी निभाएँ, जिससे पक्षियों एवं पशुओं को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। विद्यार्थियों ने यह संदेश भी दिया कि पशु-पक्षियों की सेवा और प्रकृति के प्रति करुणा हमारे सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

विद्यालय के चेयरमैन ने इस अवसर पर कहा कि मानवता का वास्तविक स्वरूप तभी प्रकट होता है जब हम मूक प्राणियों और प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनते हैं। विद्यार्थियों द्वारा किया गया यह प्रयास समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। विद्यालय के प्राचार्य मनोज तिवारी ने कहा कि ह्शिक्षा का उद्देश्य केवल पुस्तक ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में दया, सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व और पर्यावरण चेतना जैसे संस्कार विकसित करना भी है। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी समाजहित में ऐसी प्रेरणादायक पहल कर रहे हैं। विद्यालय परिवार ने आशा व्यक्त की है कि विद्यार्थियों द्वारा प्रारंभ किया गया यह अभियान जनआंदोलन का रूप लेगा और अधिक से अधिक लोग इससे जुड़कर शहर को पक्षी एवं पशु हितैषी बनाने में सहयोग करेंगे।

## मृत्युभोज छोड़कर परिवार ने दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सिरोंज

ग्राम झुकर जोगी में सेवानिवृत्त डिप्टी रेंजर स्व. कमर लाल आदिवासी के निधन के बाद उनके परिवार ने बारहवीं (मृत्युभोज) जैसी प्रथा को त्यागकर एक मजबूत सामाजिक संदेश दिया।

17 अप्रैल को हुए निधन के बाद शोकाकुल परिवार गोपाल सिंह,ब्रजेश सिंह,सुनील कुमार आदिवासी,महेंद्र कुमार ने सामूहिक रूप से यह निर्णय लिया कि वे शोक को दिखावे और खर्च में नहीं बदलेंगे। परिवार ने उस कड़वी सच्चाई को सामने रखा, जिसे समाज अक्सर अनदेखा कर देता है। मृत्युभोज जैसी प्रथाए गरीबों के लिए श्रद्धा नहीं, बल्कि कर्ज का जाल बन जाती हैं। कई परिवार अपनों के जाने के बाद भी चैन से रो नहीं पाते, क्योंकि उन्हें समाज के डर में कर्ज लेना पड़ता है, जमीन गिरवी रखनी पड़ती है, और कभी-कभी जीवनभर की कमाई एक दिन के दिखावे में खत्म हो जाती है।

इसी पीड़ा को समझते हुए परिवार ने यह साहसिक कदम उठाया। एड. सुनील कुमार आदिवासी ने भावुक शब्दों में कहा कि पिताजी का जीवन सादगी और समाज सेवा का प्रतीक रहा। हमने अपने आसपास कई परिवारों को टूटते देखा है। उनकी सच्ची श्रद्धांजलि यही है कि हम ऐसी प्रथाओ को बदलें, जो गरीबों पर बोझ बनती हैं। परिवर्तन की शुरुआत हमें खुद से करनी होगी। वही उन्होने समाज से अपील भी की थी कि कोई भी उपहार, कपड़े या सामग्री न लाए, केवल संवेदना और साथ लेकर आए। 28 अप्रैल को आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धांजलि, गंगा पूजन, वृक्षारोपण और सादगीपूर्ण प्रसादी का आयोजन किया गया। जहाँ लोगों को एक नए विचार से जुड़ने का अवसर मिला। शोक में दिखावा नहीं, बल्कि संवेदना हो। यह एक परिवार का निर्णय नहीं, बल्कि उन अनगिनत गरीबों की आवाज है, जो प्रथाओ के बोझ तले दबे हैं। ग्राम झुकर जोगी से उठी यह पहल एक बड़ा सवाल छोड़ती है। क्या हम परंपरा निभा रहे हैं, या अनजाने में किसी को तोड़ रहे हैं। मृत्युभोज में खर्च नहीं, गरीब का दर्द दिखता है। हमने इसको समझकर प्रथा बदली। यही सच्ची श्रद्धांजलि है।

## शिविर में बच्चों को शुद्ध विधि से जिन-पूजन का दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सिरोंज

श्री 1008 दिगंबर जैन पार्श्वनाथ पचखनी मंदिर में चल रहे ग्रीष्मकालीन पूजन शिक्षण शिविर में बाल ब्रह्मचारिणी दीदी नेहा,दिशा दीदी के मंगल निर्देशन में बच्चों को शुद्ध विधि से जिन-पूजन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही प्रेरक कहानियों के माध्यम से जीवन जीने की कला व संस्कार सिखाए जा रहे हैं। वही षिविर के दूसरे दिन गुरूवार को स्वल्पाहार शरद कुमार,अभिषेक कुमार,आरव कुमार भूपत परिवार आराध्या श्रीमती सारिका जैन और द्रव्य पुण्यार्जक श्रीमती संतोषी जैन आकाश कुमार,श्रीमती सुम्भुल जैन पुण्या आद्विक जैन व उपहार पुण्यार्जक श्रीमती किरण जैन।

### सलामतपुर में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 175 लोगों का हुआ परीक्षण

**सलामतपुर।** गुरुवार को वेल स्वास्थ्य परियोजना के अंतर्गत वेलस्पन फाउंडेशन द्वारा ग्राम पंचायत भवन सलामतपुर में निशुल्क आई चेकअप एवं सामान्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम के कुल 175 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें आंखों की जांच सहित सामान्य स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर के दौरान 8 मरीजों को आंखों के ऑपरेशन हेतु रेफर किया गया, जबकि 60 लोगों को चश्मे के नंबर प्रदान किए गए। अन्य सभी लाभार्थियों को सामान्य जांच के साथ आवश्यक दवाइयां भी वितरित की गईं। जिन व्यक्तियों को चश्मे के नंबर दिए गए हैं, उन्हें निशुल्क चश्मे बनवाकर उपलब्ध कराए जाएंगे। कार्यक्रम में वेलस्पन फाउंडेशन के सीएसआर मैनेजर हरेंद्र सिकरवार, निवसीड संस्था के सुनील गांवड़े, रिंकू दुबे, ओमप्रकाश रायकवार व कार्यकर्ता पूजा कुशवाहा, अंजू पाल और मुस्कान खान उपस्थित रहे।

## भोपाल-विदिशा हाईवे पर भूसे से भरे ट्रकों का कहर, लगातार हो रहे हादसे

### तड़के भूसे से भरा आयशर ट्रक पलटा, प्रशासन बेखबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶|दीवानगंज

भोपाल-विदिशा हाईवे 18 पर भूसे से भरे ओवरलोड ट्रकों के पलटने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सुखी सेवनिया बायपास रोड बंद होने के बाद से दीवानगंज और आसपास के क्षेत्र में अब तक 12 से अधिक ट्रक हादसों का शिकार हो चुके हैं, जिनमें कई ड्राइवर और क्लीनर घायल हुए हैं।

ताजा मामला गुरुवार तड़के करीब 4 बजे का है, जब दाल मिल चौराहा के पास देहरी काका ढाबा के सामने एक भूसे से भरा आयशर ट्रक अनियंत्रित होकर 5 फीट गहरी खाई में पलट गया। हादसे के बाद ट्रक के चारों पहिए ऊपर हो गए। गनीमत रही कि ड्राइवर और क्लीनर ट्रक के नीचे नहीं दबे, हालांकि क्लीनर को मामूली चोट आई है।

ड्राइवर के अनुसार, वह भोपाल की ओर जा रहा था, तभी नींद का झोंका आने से ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतरकर पलट गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे पर दिन-रात दौड़ रहे ओवरलोड भूसे से भरे ट्रक और ट्रैक्टर-ट्रॉली हादसों की बड़ी वजह बन रहे हैं। इन वाहनों में अत्यधिक भूसा भरा होने के कारण ओवरटेक करना मुश्किल हो जाता है, जिससे दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं।

रायसेन जिले में पशु चारा एवं भूसा की कमी की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए पशुओं को पर्याप्त मात्रा में चारा-भूसा की आपूर्ति बनाए रखने हेतु जिला दण्डाधिकारी अरूण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी मनोज उपाध्याय द्वारा तत्काल प्रभाव से जिले से अन्य राज्यों में पशु चारे-भूसा का निर्यात प्रतिबंधित किया गया है। जारी आदेश के तहत पशु आहार में आने वाले चारे, भूसा का जिले से अन्य राज्यों में निर्यात पर तत्काल प्रभाव से 30 जून तक प्रतिबंधित किया है।

### देवनगर में 12 को होगा आयोजित जिला स्तरीय युवा संगम मेला

**रायसेन।** जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार तथा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा के निर्देशानुसार 12 मई को गैरतगंज विकासखण्ड के देवनगर स्थित पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय युवा संगम मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा कौशल विकास विभाग के संयुक्त तत्वधान में आयोजित यह युवा संगम मेला 12 मई को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित होगा। इस युवा संगम मेले के माध्यम से युवाओं को विभिन्न कम्पनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाने के साथ ही शासन की स्वरोजगारमूलक योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। इस जिला स्तरीय युवा संगम मेले में नवभारत फर्टीलाइजर भोपाल, भास्कर मण्डीदीप, आईपीएस भोपाल, इंसुलेटर एण्ड इलेक्ट्रिकल्स मण्डीदीप सहित अन्य कंपनी द्वारा युवाओं की भर्ती की जाएगी।

## मौसम में बदलाव, बादलों की सघनता, दिन में छाया अंधेरा

### वैशाख के महीने में बारिश तापमान में आई गिरावट, मिली थोड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶|बरेली

गुरुवार को दोपहर बाद अचानक मौसम बदला, बादलों की गर्जना और बादलों की अत्याधिक सघनता से दिन में ही अन्धेरा छा जाने की स्थिति बनी रही। रुक-रुककर अनेक बार बारिश होने से नगर सहित सम्पूर्ण क्षेत्र भीगता रहा। बैशाख माह में अचानक हुई बारिश से किसान, क्षेत्र के निवासी हक्का-बक्का हो गए।

क्षेत्र में किसानों द्वारा ग्रीष्म कालीन मूंग की व्यापक स्तर पर खेती की जा रही है। मूंग में सिंचाई और दवाएं डालने का कार्य किसानों द्वारा किया जा रहा है। बारिश होने से मूंग में सिंचाई की कुछ सुविधा किसानों को मिल गई है।

#### तापमान में गिरावट

पिछले एक सप्ताह से 42 डिग्री से अधिक तापमान के कारण सम्पूर्ण क्षेत्र भट्टी जैसा तप रहा था। गुरुवार को तेज हवा आंधी चलने के साथ कहीं तेज-कहीं धीमी बारिश होने से अचानक तापमान में गिरावट और हवाओं में ठन्डक आ जाने से लोग राहत महसूस कर रहे है।

बारिश होने से पूर्व सुबह से दोपहर तक सूरज और बादलों के बीच लुक्काछिपी का खेल चलता रहा। अभी भी आसमान में घने बादलों का डेरा बना रहने से बारिश की संभावना बनी हुई है।

**भींगा गेंहू :** समर्थन मूल्य पर गेंहू की धीमी रफ्तार और तौल से किसान भारी परेशान बने हुए है। वेयर हाउसों को खरीदी केन्द्र बनाया है। बाहर उबड़-खाबड़ मिट्टी वाले खाली स्थानों पर किसानों द्वारा गेंहू के ढेर लगा कर उनकी रखवाली की जा रही है। अचानक हुई बारिश से अनेक केन्द्रों एवं कृषि उपज मंडी में लगे उपज के ढेर बारिश में भीगने से बचाने किसान पन्नी तिरपाल इत्यादि ढाकने परेशान बने रहे।

## विधायक निधि से लगे प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी

### स्वास्थ्य राज्यमंत्री पटेल ने किया सीसीटीवी कैमरों का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶|बरेली

क्षेत्र के विधायक और राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने नगर के प्रमुख स्थानों पर पुलिस की मांग अनुरोध पर 10 लाख की विधायक निधि के नियमों में बदलाव किया गया और नगर के 20 प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी केमरे लगाये गए जिनका शुभारंभ राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल द्वारा रिमोट का बटन दवा कर किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों, नागरिकों एवं पत्रकारों की उपस्थिति रही।

राज्यमंत्री पटेल ने नगर में सीसीटीवी केमरे लगवाने की पुलिस द्वारा ध्यान आकर्षित करवाने के लिए पुलिस को धन्यवाद दिया। थाने में सीसीटीवी का कन्ट्रोल रूम

स्थापित किया गया है।

कामतौन चौराहे, टाकीज चौराहे, पिपरिया मार्ग चौराहे, ओवर ब्रिज सहित 20 प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी केमरा लगवा कर अब तीसरी आंख से निगरानी की जा रही है। राज्यमंत्री पटेल ने थाने में विधायक निधि से वाटर कूलर लगवाने की घोषणा की। राज्यमंत्री पटेल ने पूरी बरेली में सीसीटीवी केमरा लगवाये जाने का भरोसा दिया। इस अवसर पर एमडीओपी कुंवर ङ्कषसह मुकाती, टीआई कपिल गुप्ता ने राज्यमंत्री पटेल का नगर में सीसीटीवी केमरा लगवाने पुलिस की मदद के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन एसडीएम सन्तोष मुदगल ने किया।

### किसान संघ का छटवे दिन अधिकारियों के आश्वासन पर धरना

## स्लॉट बुक सहित अन्य समस्याएं दो दिन में होंगी हल

### आज खरीद, खाद से जुड़ी संस्थाओं के लिए अधिकारियों के साथ होगी बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶|बरेली

समर्थन मूल्य पर गेंहू बेचने में स्लाट बुक सहित अन्य परेशानियों को दूर करने भारतीय किसान संघ द्वारा 25 अप्रैल से अनिश्चित कालीन धरना आन्दोलन तहसील के सामने शुरु किया गया था। छटवे दिन भी गुरुवार को किसानों का धरना जारी रहा। स्थानीय अधिकारियों ने धरना दे रहे किसानों से उनकी समस्याओं पर चर्चा की गई।

कलेक्टर रायसेन से भी फोन पर चर्चा कराने के बाद शाम को किसान संघ का धरना आन्दोलन समाप्त करने की घोषणा की गई।

यदि 2 दिनों में समस्याएं हल नहीं हुई तो पुनः आन्दोलन शुरु किया जा सकता है।

#### आज होगी संयुक्त बैठक

किसान संघ के द्वारा समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी में सबसे बड़ी बाधा स्लाट बुक न होने, साइट कभी भी बंद हो जाने धीमी गति से बिल न बनने के साथ किसानों को भुगतान नहीं हो रहा था। किसान संघ द्वारा खाद के लिए प्रारंभ की गई ई-टोकन व्यवस्था समाप्त करने की मांग की जा रही थी। किसान संघ से जुड़े किसानों द्वारा 25 से 30 अप्रैल तक 6 दिन तहसील के सामने धरना दिया गया।

किसानों की विभिन्न समस्याएं हल करने आज किसान संघ की खरीद संस्थाओं, खाद् विभाग राजस्व विभाग एवं अन्यों के साथ संयुक्त बैठक में किसानों से चर्चा और उन्हे हल करने का प्रयास किया जाएगा। अधिकारियों का आश्वासन मिलने पर छटवें दिन शाम को धरना आन्दोलन समाप्त करने की स्थिति बनी।

#### इनका कहना है

किसानों की समस्याएं हल करने छः दिनों तक धरना आन्दोलन जारी रहा। अधिकारियों द्वारा स्लाट बुक सहित अन्य समस्याएं 2 दिनों में ही करने का आश्वासन दिया गया है।

**- केशर सिंह पटेल,** जिला अध्यक्ष किसान संघ बरेली।

## जंग खा रहीं व्यवस्था, सरकार की मंशा को पलीता लगा रहे अधिकारी

# सरकारी आदेश की नाफरमानी: सालों से नहीं खुले शिकायत पेटियों के ताले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों के लिए सरकारी कार्यालयों में लगाई गई शिकायत पेटियां अब खुद बदहाली का शिकार हो चुकी हैं। कई दफ्तरों में ये पेटियां सालों से बंद पड़ी हैं और उनके ताले तक नहीं खुले। हालत यह है कि कहीं पेटियों पर जंग लग चुकी है तो कहीं मकड़ी के जाले साफ नजर आते हैं। वहीं कुछ कार्यालयों की शिकायत पेटियों कोई शिकायत पत्र भी नहीं रखा गया। अब ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब शिकायत दर्ज करने का यह माध्यम ही निष्क्रिय है, तो आम लोगों की समस्याएं आखिर सुनी कैसे जाएंगी।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से सभी विभागों को निर्देश दिए थे कि वे शिकायत पेटियां लगाएं और नियमित रूप से उन्हें खोलकर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करें। इसके साथ ही कार्रवाई सुनिश्चित करने और उच्च अधिकारियों को प्रतिवेदन भेजने के भी निर्देश थे, लेकिन जमीनी स्तर पर इन आदेशों का पालन नहीं हो रहा है। आदेश हवा

हवाई के किले हो चुके है।

जिले के कई सरकारी कार्यालयों में लगी शिकायत पेटियां या तो बंद पड़ी हैं या फिर उनकी हालत बेहद खराब हो चुकी है। कुछ जगहों पर तो पेटियों के ताले जंग खाकर जाम हो गए हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि महीनों नहीं बल्कि वर्षों से इन पेटियों को खोला ही नहीं गया। नियमानुसार रोजाना शिकायत पेटियों के खोलने समस्याएं हल करने का गंभीर फरमान सरकार ने जारी किया है। इसके बावजूद सरकारी दफ्तरों के अधिकारी शासन के आदेश के कड़ाई से पालन नहीं कर रहे हैं। जिला प्रशासन की निगाहें कमजोर होने से विभागीय अधिकारी भी लापरवाह बने हुए हैं। साप्ताहिक प्रतिवेदन और शिकायतों आनलाइन शिकायतों को दर्ज करने की समीक्षा करने की वजह लापरवाही बरती जा रही है।

इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिल पा रहा है। विभागीय स्तर पर न तो इन पेटियों की नियमित जांच हो रही है और न ही इनके रखरखाव पर ध्यान दिया जा रहा है।

### भ्रष्टाचार की शिकायत पेटियां बनीं कबाड़

शिकायत पेटियों की इस स्थिति ने पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिन पेटियों के जरिए लोगों को अपनी शिकायत दर्ज कराने का आसान माध्यम मिलना था। वहीं अब बेकार साबित हो रही हैं। कलेक्ट्रेट परिसर सहित कई विभागीय कार्यालयों, जिला अस्पताल गेट, लोक निर्माण विभाग, आरटीओ, जलसंसाधन जिला महिला एवं बाल विकास विभाग तहसील एसडीएम कार्यालय जिला पंचायत, जिला शिक्षा विभाग आदिमें लगी शिकायत पेटियों की स्थिति देखकर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि शिकायतों के निस्तारण को लेकर कितनी गंभीरता बरती जा रही है।

### इनका कहना है

विभागीय अधिकारियों को नियमित शिकायत पेटियां खुलवाकर पत्रों की समीक्षा कर समस्याएं हल के लिए निर्देशित किया जाएगा। कुछ दफ्तरों की शिकायत पेटिया लंबे अरसे से नहीं खोली गई है, उनकी जांच कर निर्देशित किया जाएगा।

**- मनीष शर्मा,** एसडीएम रायसेन

### लोगों का उठ रहा भरोसा

सरकारी कार्यालयों में लगी शिकायत पेटियां आम लोगों के लिए अपनी बात रखने का एक महत्वपूर्ण माध्यम होती हैं। लेकिन जब ये पेटियां ही बेकार हो जाएं, तो लोगों का सिस्टम से भरोसा उठना स्वाभाविक है। लोगों का कहना है कि शिकायत करने के बाद भी सुनवाई नहीं होती, जिससे निराशा बढ़ रही है। यदि समय रहते इन शिकायत पेटियों की व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया तो भ्रष्टाचार के खिलाफ बनाई यह व्यवस्था पूरी तरह निष्प्रभावी हो जाएगी। जिला प्रशासन को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।

---

## 'सेंपल उपज' मंडी परिसर से बाहर ले जाते कैमरे में कैद सुरक्षा कर्मी

# किसानों से सेंपल के नाम ले रहे उपज का मंडी कर्मचारी कर रहे 'दुरुपयोग'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर की कृषि उपज मंडी इन दिनों कई गंभीर आरोपों के घेरे में है। एक तरफ नीलामी प्रक्रिया आउटसोर्स के

कर्मचारियों द्वारा पूरी की जा रही, वहीं अब आउटसोर्स पर पदस्थ कर्मचारियों द्वारा किसानों से सेंपल के नाम पर अच्छा खासा अनाज लिया जा रहा है।

वहीं सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हुई एक घटना से सेंपलिंग पर एक और गंभीर आरोप लगा दिया है। कैमरे में कैद मंडी के दो कर्मचारी बाइक पर एक बोरी में उपज लेकर मंडी परिसर से बाहर जाते हुए दिखाई देर है। अशंका जताई जा रही है कि उक्त बोरी में सेंपल की उपज है, जिससे कर्मचारियों द्वारा विक्रय किया जा रहा है। वहीं किसानों ने भी अरोप लगाए है कि सेंपल के नाम पर ली जा रही उपज को बाजार में बेंच दिया जाता है, जिससे उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है।

किसानों का आरोप है कि "सैंपलिंग" के नाम पर खुलेआम गड़बड़ी की जा रही है और मंडी में एक तरह से जंगलराज जैसी स्थिति बन गई है। किसानों का कहना है कि आउटसोर्स कर्मचारी और मंडी गार्ड मिलजुलकर जरूरत से ज्यादा सैंपल इकट्ठा कर रहे हैं। यह सैंपल बाद में बाजार में बेचकर निजी लाभ कमाया जा रहा है।

इस संबंध में कृषि उपज मंडी सचिव वीरेंद्र सिंह ठाकुर से जानकारी लेना चाही तो, वे पहले स्पष्ट जवाब नहीं दे सके। बाद में उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि सैंपलिंग पूरी तरह नियमों के तहत की जा रही है और उसका रिकॉर्ड मंडी कार्यालय में सुरक्षित रखा जाता है।

### ऐसे समझे सेंपलिंग में धांधली

मंडी में पदस्थ बाबू ने दी जानकारी के अनुसार प्रतिदिन कृषि उपज मंडी में करीब 150 से लेकर 200 ट्रालियां तक उपज विक्रय के लिए पहुंच रही है। किसानों के आरोप अनुसार प्रत्येक ट्राली से अनुमानित एक से दो किलो उपज सेंपल के नाम पर ली जा रही है, जो कि कुल ट्रालियों से करीब 200 किलो (लगभग 2 क्विंटल) उपज किसानों से खुलेआम लूटी जा रही है। ऐसे में अगर मंडी के आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा सेंपलिंग की उपज का विक्रय किया जा रहा है तो इसमें जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता है।

---

## मादा गांव की घटना, दोनों पर मामला दर्ज

# गाय मांगने पर विवाद, 2 भांजों ने मामा को रॉड से पीटा, घायल

### मामला दर्ज, फरियादी का मेडिकल कराने के बाद पुलिस कर रही मामले की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

थाना क्षेत्र के ग्राम मादा में बुधवार देर रात गाय वापस मांगने पर मामा-भांजों के बीच जमकर विवाद हो गया। विवाद में दोनों भांजों न मिलकरे मामा पर लोहे की रॉड और डंडे से हमला कर दिया, जिससे माता के हाथ पैर में गंभीर चोटें आई।

■ फरियाद को दान में मिली थी यह गाय

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार फरियादी हरप्रसाद सेन पिता जगन्नाथनिवासी मादा गांव बुधवार रात लगभग 9 बजे घर पर बैठे थे, तभी उनके भांजे हरिनारायण सेन और सुनील सेन पिता लक्ष्मीनारायण सेन घर पर आए और गाय वापस मांगने लगे।

फरियादी हरप्रसाद ने कहा कि यह गांव उनकी बहन हक्को बाई ने 2 साल पहले उन्हें दान में दे दी थी। अब जब गाय दूध देने लगी है तो में उसे वापस नही करूंगा। इतना सुनते ही हरिनारायण और सुनील गाली गलौच करने लगे तथा हरिनारायण ने लोहे की रॉड और सुनील ने डंडे से मारपीट शुरू कर दी, जिससे हरप्रसाद के दोनों पैरों में चोटें आ गईं। पुलिस ने फरियादी हरप्रसाद का अस्पताल में मेडिकल कराने के बाद हरिनारायण और सुनील पर मामला दर्ज कर लिया है तथा मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

### दो साल पहले दान में दी थी गाय

लगभग 2 साल पहले बहन हक्को बाई ने अपने भाई हरप्रसाद सेन को एक गाय दान में दी थी। हरप्रसाद जब से ही गाय की देखभाल कर रहा है। गाय अब दूध देने लगी है, जिसकीय जानकारी उनके भांजों हरिनारायण और सुनील को हुई तो गाय वापस मांगने मामा हरप्रसाद के घर पहुंच गए। जब हरप्रसाद ने गाय वापस देने से मना कर किया तो दोनों भाइयों ने मिलकर हरप्रसाद की जमकर पिटाई कर दी। जिससे उनके दोनों पैरों में गंभीर चोटें आ गईं।

### इनका कहना है

मादा गांव में बुधवार देर रात गाय वापस के मामले में मामा को भांजों ने लोहे की रॉड डंडे से मारकर घायल कर दिया। मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

**- दिनेश सिंह रघुवंशी,** थाना प्रभारी सलामतपुर।

---

# सीएमओ ने बाजार में उतरकर नष्ट कराई सड़ी-गली सब्जियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज

तहसील मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों आम लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे विक्रेताओं पर प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। गर्मी के इस मौसम में बाजार में सड़ी-गली सब्जियां और गुणवत्ताहीन फल बेचने की मिल रही शिकायतों के बाद बुधवार को नगर परिषद का अमला कार्रवाई के लिए मैदान में उतरा।

नगर परिषद सीएमओ सुधीर उपाध्याय ने अमले के साथ बाजार का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सब्जी मार्केट में कई ठेलों पर सड़े-गले फल और सब्जियां बिकती पाई गईं। स्थिति को देखते हुए सीएमओ ने नाराजगी जाहिर की और तत्काल मौके पर मौजूद अमले को आदेश दिया कि ऐसे विक्रेताओं की दूषित सामग्री को जप्त कर उसे नष्ट किया जाए। सीएमओ की इस औचक कार्रवाई से बाजार में हड़कंप मच गया। जहाँ एक ओर जिम्मेदार खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग इस पूरे मामले में मूकदर्शक बना हुआ है, वहीं नगर परिषद की इस कार्रवाई ने लोगों को राहत दी। नागरिकों का आरोप है कि खाद्य विभाग केवल त्योहारों पर औपचारिकता निभाता है, जबकि गर्मी में नियमित सैंपलिंग और जांच की सबसे अधिक आवश्यकता है।

### कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

निरीक्षण के दौरान सीएमओ सुधीर उपाध्याय ने विक्रेताओं को सख्त हिदायत दी है कि यदि भविष्य में दोबारा सड़ा-गला माल बेचते पाया गया, तो केवल सामग्री नष्ट नहीं की जाएगी, बल्कि भारी जुर्माना और वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी। प्रशासन की इस सक्रियता के बाद अब उम्मीद है कि बाजार में गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

तापमान 40 डिग्री के पार होने के कारण फल-सब्जियां तेजी से खराब हो रही हैं। डॉक्टरों के मुताबिक, ऐसी सामग्री के सेवन से फूड पॉइजनिंग और डायरिया का गंभीर खतरा रहता है। उपभोक्ताओं की शिकायत थी कि विक्रेता ऊंचे दामों पर टोकरियों में नीचे सड़ा हुआ माल छिपाकर बेच रहे थे।

### इनका कहना है

मैं जिले में अकेली अधिकारी हूं, हर जगह जांच करना संभव नहीं है। मामला आपके द्वारा संज्ञान में आया है हम आकर जांच करेंगे।

**- श्रीमति कल्पना अर्सिया,** खाद्य एवं औषधि प्रशासन अधिकारी रायसेन।

---

# नगर पालिका कार्यालय में स्वच्छता सर्वेक्षण ट्रेनिंग के साथ जनगणना की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

नगर पालिका कार्यालय में बुधवार दोपहर स्वच्छता सर्वेक्षण और जनगणना-2027 को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया, जिसमें एनसीसी के छात्र-छात्राओं, जनगणना सुपरवाइजरों और वार्ड प्रभारियों को विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य जहां एक ओर शहर को स्वच्छता रैंकिंग में शीर्ष स्थान दिलाना है, वहीं दूसरी ओर आगामी जनगणना के तहत स्व-गणना प्रक्रिया को समय पर और व्यवस्थित रूप से पूर्ण कराना भी है।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता सर्वेक्षण से जुड़ी बारीकियों के साथ हुई। नगर पालिका अधिकारियों ने उपस्थित प्रतिभागियों को बताया कि शहर की साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन, डोर-टू-डोर कलेक्शन, सेग्रीगेशन और नागरिकों की भागीदारी जैसे बिंदु स्वच्छता सर्वेक्षण में अहम भूमिका निभाते हैं। इसके साथ ही फील्ड स्तर पर आने वाली समस्याओं और उनके समाधान पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि सभी वार्डों में समन्वय बनाकर काम किया जाए तो रायसेन को प्रदेश ही नहीं, देश स्तर पर भी बेहतर स्थान दिलाया जा सकता है।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों से फीडबैक भी लिया गया। एनसीसी कैडेट्स और वार्ड प्रभारियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कई स्थानों पर लोगों में जागरूकता की कमी है, जिसके चलते कचरा प्रबंधन में दिक्कतें आती हैं। इस पर अधिकारियों ने सुझाव दिया कि घर-घर संपर्क कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना होगा और उन्हें यह समझाना होगा कि साफ-सफाई केवल नगर पालिका की नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

इसके बाद सत्र में जनगणना-2027 के तहत स्व-गणना प्रक्रिया पर विशेष जोर दिया गया। जनगणना सुपरवाइजरों को पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना करने की पूरी प्रक्रिया समझाई गई। उन्हें बताया गया कि किस प्रकार नागरिक स्वयं ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं, जिससे समय की बचत होगी।

---

# शॉर्ट सर्किट से नरवाई में लगी आग, मकान भी आया चपेट में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखंड की ग्राम पंचायत सरार के गांव दहीड़ा में बुधवार देर शाम एक बड़ी आगजनी की घटना सामने आई। खेत की नरवाई में शॉर्ट सर्किट से लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

नरवाई में भड़की आग ने खेत में बने मकान को भी अपनी चपैट में ले लिया। जिससे वहां रखा करीब 18 ट्रॉली भूसा, 25 से 30 पानी के पाइप, क्वाइल डोरी और गेहूं जलकर खाक हो गया। इस हादसे में किसान अशोक सिंह ठाकुर को लगभग 2 से 3 लाख रुपए का भारी नुकसान हुआ है।

घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई थी, लेकिन मौके पर पहुंचने में एक घंटे से ज्यादा का समय लग गया। तब तक आग सब कुछ तबाह कर चुकी थी।

---

# 34 वर्षों की सेवा के बाद एसडीओपी मौर्य हुए रिटायर, ससम्मान भावभीनी विदाई

### आयोजित समारोह में जनप्रतिनिधियों व नागरिकों ने दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

गुरुवार को थाना परिसर सिलवानी में एक आत्मीय एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया, जिसमें 34 वर्ष की शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए एसडीओपी अनिल मौर्य को ससम्मान विदाई दी गई। इस अवसर पर थाना सिलवानी परिवार सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, पत्रकार एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

वक्ताओं ने अपने संबोधन में अनिल मौर्य की प्रशासनिक दक्षता, जनता से उनके मधुर संबंध, डोर-टू-डोर संवाद की कार्यशैली और अपराधियों के प्रति सख्त रवैये की सराहना की। साथ ही उनके कार्यकाल में कानून व्यवस्था की बेहतर स्थिति का उल्लेख किया। वक्ताओं ने कहा कि मौर्य ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी और समर्पण के साथ किया, जिससे वे आमजन के बीच एक विश्वसनीय अधिकारी के रूप में पहचाने गए। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व ने पुलिस विभाग की छवि को मजबूत किया है। अनिल मौर्य ने संक्षिप्त संबोधन में अपने सेवाकाल के अनुभव साझा किए।

इस दौरान उपस्थित लोगों ने मौर्य को तिलक लगाकर, फूलमालाएं पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। समारोह में जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के सदस्य, पदाधिकारी और पत्रकार बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष संजय मस्ताना, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक, वरिष्ठ समाजसेवी महेश नामदेव, जयबाबू जैन, इमरान खान, गजेंद्र गुप्ता, सलीम काजी तथा टीआई संजीत परते सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार व्यक्त किए।

---

## आज से प्रारंभ होगी जिले में जन-गणना, सभी तैयारियां चाकचौबंद

# जनगणना में घर की छत, दीवार, फर्श से लेकर और घर में मौजूद व्यक्तियों के साथ वाहनों की संख्या सहित पूछे जाएंगे 33 सवाल

### रायसेन 1 लाख 24 हजार 679 स्व-गणना के साथ प्रदेश में पहले स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

भारत की जनगणना 2026-27 के अंतर्गत जनगणना कार्य निदेशालय के निर्देशानुसार जनगणना का कार्य प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने बताया कि जिले में एक मई से प्रारंभ होने वाले चरण में सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से संपादित करने के उद्देश्य से सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

उन्होंने जनगणना में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों को व्यवस्थित जनगणना के लिए निर्देश दिए है। रायसेन जिला जनगणना-2027 की स्व-गणना में प्रदेश में पहले स्थान पर है। जिले में 30 अप्रैल तक 1 लाख 24 हजार 679 लोगों ने स्व-गणना पूरी की, जो राज्य में सर्वाधिक है। जिले में मिशन मोड में अभियान चलाया, जिसमें अधिकारियों और मैदानी अमले की भागीदारी रही है।

### जिले को 25 चार्जों में बांटा, 2387 प्रगणक आज से करेंगे मकान सूचीकरण कार्य




### गांवों में 1768 तथा शहर में 619 प्रगणक किए नियुक्त

जिले को कुल 25 चार्जो में बांटा गया है जिसमें कुल 2387 प्रगणकों की नियुक्ति की गई है। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों में 1768 तथा शहरी क्षेत्रों में 619 प्रगणकों की नियुक्ति की गई है। इसके साथ ही प्रगणकों के कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए प्रत्येक 6 प्रगणकों पर एक पर्यवेक्षक की नियुक्ति की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में 300 पर्यवेक्षक और शहरी क्षेत्रों में 112 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। जिले की सभी तहसीलों में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण दिया है।

### मकानों की होगी जियो-टैगिंग

जनगणना में घर की बनावट (छत, दीवार, फर्श), मकान नंबर, परिवार के सदस्यों की संख्या और सुविधाओं (पानी, बिजली, शौचालय, वाहन) से जुड़े 33 सवाल पूछे जाएंगे। मकानों की जियो-टैगिंग की जाएगी, जिससे सही डिजिटल मैपिंग हो सके। मकान सूचीकरण और आवास गणना 1 मई से शुरू होकर 30 मई तक जारी रहेगी। जिले में 2794 हाउसलिस्टिंग ब्लॉक बनाए हैं जिनमें ग्रामीण क्षेत्रों में 2203 हाउसलिस्टिंग ब्लॉक और शहरी क्षेत्रों में 591 हाउसलिस्टिंग ब्लॉक बनाए हैं। एक से 30 मई के बीच प्रगणक अपने आवंटित हाउस लिस्टिंग ब्लॉकों में भवन क्रमांक अंकित कर मकान सूचीकरण का कार्य करेंगे।